हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, सोमवार, 7 अप्रैल 2025

तापमान
अधिकतम 37.9 डिग्री
न्यूनतम 21.12 डिग्री

12 चंद्रपुरी से बब्याल तक शुरू होगी सिटी बस सर्विस : विज



12 हर वार्ड के विकास पर खर्च होंगे एक-एक करोड़ रुपये



## खबर संक्षेप

### कार की टक्कर लगने से 8 वर्षीय बच्चे की मौत

**इसराना।** पानीपत के गांव शाहपुर के पास रोहतक हाईवे पर शनिवार को तेज रफ्तार कार की टक्कर से आठ वर्षीय बच्चे अमित पुत्र जितेंद्र मांझी मूल निवासी गांव नेमदारगंज जिला नवादा, बिहार हाल निवासी श्री सत्यसाईं भठ्ठा कंपनी, गांव शाहपुर जिला पानीपत की मौत हो गई। हादसे के बाद कार चालक अपने वाहन समेत फरार हो गया। पोस्टमार्टम के बाद अमित का शव उसके परिजनों को सौंप कर इस मामले की जांच शुरू कर दी है।

### बाइक व मोबाइल चोरी के दो आरोपी गिरफ्तार

**पानीपत।** एंटी व्हीकल थेप्ट पुलिस टीम ने गोहाना मोड़ के सामने फ्लाई ओवर पुल के नीचे नशे की हालत में सो रहे युवक की बाइक व मोबाइल चोरी करने वाले दो आरोपियों अजय पुत्र सोमपाल व सूरज पुत्र चरण सिंह निवासी अशोक विहार कॉलोनी कुटानी रोड को गिरफ्तार कर लिया है। कृष्णपुरा चौकी में मुकेश पुत्र विनोद निवासी दिल्ली की शिकायत पर केस दर्ज है।

### लूट गिरोह का भंडाफोड़ एक आरोपी गिरफ्तार

**पानीपत।** एंटी नारकोटिक्स सेल पुलिस टीम ने शराब ठेकों पर हथियार के बल पर लूट करने वाले गिरोह के साहिल निवासी गांव गांजबड़ जिला पानीपत को गिरफ्तार किया है। गिरोह के बदमाश 27 मार्च की रात जीटी रोड पर सेक्टर 29 बाइपास स्थित शराब ठेके पर व समालखा व पट्टीकल्याण के बीच स्थित शराब ठेके से कैश लूट कर फरार हो गए थे। जबकि तीन आरोपी सुक्खा निवासी खटीक बस्ती, फारूख निवासी प्रताप बाजार व मोहित निवासी मुरथल सोनीपत फरार है।

### युवक का अपहरण कर मारपीट की, केस दर्ज

**इसराना।** गांव इसराना में स्थित गुरूद्वारे में आए अमित मूल निवासी गांव मोरखी, जिला जींद हाल निवासी गोहाना का कार सवार बदमाशों ने तीन अप्रैल की शाम को गन प्वाइंट पर अपहरण कर लिया। अमित ने बताया कि अपहणकर्ता उसे एक फैक्ट्री में ले गए और यहां पर उसके साथ रातभर मारपीट की। परिजनों को फोन कर रुपए की मांग की गई। चार अप्रैल को बदमाश उसे गोहाना छोड़कर फरार हो गए।

### सफाईकर्मी को गोली मारने वाला दबोचा

**पानीपत।** मॉडल टाउन स्थित रविंद्रा हॉस्पिटल में शनिवार की देर रात सफाई कर्मी बीर सिंह निवासी मुखीजा कालोनी को लाइसेंसी रिवाल्वर से गोली मारकर जानलेवा हमले की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी सुमित निवासी गांव भादड़ जिला को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के पास से लाइसेंसी रिवाल्वर व पांच जिंदा कारतूस बरामद किए है।

## सीड्स व पेस्टीसाइड्स एक्ट 2025 के विरोध में कुरुक्षेत्र में राज्य स्तरीय सम्मेलन

# बीज उत्पादकों, कीटनाशक विक्रेताओं ने की सात दिवसीय हड़ताल की घोषणा

### 23 सदस्यीय कमेटी गठित, सरकार से करेंगे बातचीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

- अनिश्चितकालीन हड़ताल में हो सकती है तब्दील

हरियाणा सरकार द्वारा लागू सीड्स व पेस्टीसाइड्स एक्ट 2025 के विरोध में रविवार को कुरुक्षेत्र की सैनी समाज धर्मशाला में राज्य स्तरीय बीज उत्पादक, पेस्टीसाइड्स निमार्ता व विक्रेता सम्मेलन का आयोजन किया गया।

इस सम्मेलन में प्रदेशभर से 5 हजार से अधिक बीज उत्पादकों, पेस्टीसाइड्स निमार्ताओं व विक्रेताओं ने भाग लेते हुए सरकार द्वारा बनाए गए इस कानून का विरोध किया और इस नए कानून को वापिस लेने की मांग की। सम्मेलन में अगले 7 दिन तक प्रदेश स्तरीय हड़ताल करने की घोषणा की गई। साथ ही सरकार से बातचीत कर इस समस्या का हल निकालने के लिए 23 सदस्यीय कमेटी का भी गठन किया गया। हरियाणा सीड्स प्रोड्यूसर एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष पाल सिंह धालीवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि इस सम्मेलन में सभी लोगों ने मिलकर हरियाणा सरकार द्वारा लागू किए गए इस नए कानून के खिलाफ एकजुट होकर आवाज उठाई।



**कुरुक्षेत्र।** राज्य स्तरीय सम्मेलन में मंचासीन एसोसिएशन के पदाधिकारी।

सभी ने कहा कि इस कानून में व्यापारियों के खिलाफ असंगत धाराएं लगाई गई हैं, जिससे किसी भी आदमी का इस व्यापार में रहना संभव नहीं है। सम्मेलन की अध्यक्षता अश्विनी कुमार गर्ग हिसार द्वारा की गई। डीलर एसोसिएशन के प्रधान हरमेश सिंह सिरसा ने कहा कि पूरे प्रदेश में पिछले कई दिनों से तहसील व जिला स्तर पर व मुख्यमंत्री से भी मुलाकात करके इस मसले पर सरकार से गुहार लगाई गई परंतु कोई सुनवाई न होने पर इस सम्मेलन में पूरे ध्वनिमत से अगले 7 दिन के लिए सारे बीज, पेस्टीसाइड व खाद विक्रेताओं ने अपनी दुकानें बंद रखने व बीज, पेस्टीसाइड निमार्ताओं ने अनिश्चितकाल तक हरियाणा में सप्लाई बंद करने का निर्णय लिया। सम्मेलन में यह भी निर्णय लिया गया कि अगर अगले 7 दिन में इस मामले में कोई सकारात्मक परिणाम सामने नहीं आया तो इस व्यापार को अनिश्चितकाल के लिए बंद कर किया जाएगा।

#### ये रहे उपस्थित

सम्मेलन में विशेष रूप से नरेश सिंघल, परमजीत देसवाल, सुमित गुप्ता, सुनील कालड़ा, दीपक मेहता, सुभाष खुराना, अनिल कालड़ा, ऋषि मक्कड़, ऋषिपाल कंबोज, वेद प्रकाश आर्य, अनिल कालड़ा सिरसा, सुनील भाटिया, सुनील कुमार, रिपु दमन कालड़ा, रितेश कालड़ा, संजय गुप्ता, सतीश गुप्ता, सुभाष खुराना, पवन गर्ग, रमेश बंसल, राधे गांधी प्रधान डीलर एसोसिएशन, सुभाष बब्बर, राम कुमार गुप्ता, अमित गोयल आदि भी मौजूद रहे।

#### बंद रहेंगी दुकानें

सम्मेलन में सभी ने एकजुट होकर जहां अगले 7 दिन दुकानें बंद करने की घोषणा की, वहीं सरकार द्वारा उनकी मांगे न जाने के विरोध इस हड़ताल को अनिश्चितकालीन हड़ताल में परिवर्तित करने का निर्णय भी लिया। सम्मेलन में सरकार से बातचीत करने हेतु सर्वसम्मति से 23 सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया।

## श्री हनुमान मंदिर में 3.50 लाख से बने कलश स्थापित


यमुनानगर। श्री हनुमान मंदिर रामपुरा कॉलोनी में बने गुम्बद पर कलश स्थापित करवाते आचार्य शारदा मिश्रा। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

- अष्टधातु से बने कलशों पर सोने की है परत

श्री हनुमान मंदिर रामपुरा कालोनी (यमुनानगर) में 35 लाख रुपये की लागत से बने तीनों गुबंदों पर रविवार को कलश स्थापित कर दिए गए हैं। सोने की परत व अष्टधातुओं से बने कलशो पर साढ़े तीन लाख रुपये खर्च हुए। मंदिर में चल रहे श्री रामचरित मानस पाठ का आज रामनवमी के पावन अवसर पर भोग डाला गया।

इसके बाद भजन कीर्तन हुआ। भजन कीर्तन के दौरान श्रद्धालु भजनों पर जमकर झूमे। बाद में खीर का लंगर प्रसाद बरताया गया। मंदिर के आचार्य शारदा मिश्रा ने बताया कि मंदिर में स्थापित मूर्तियों के ऊपर तीन गुंबद बनाए गए जिन पर 35 लाख रुपये खर्च हुए। अब इन गुंबद पर कलश स्थापना की गई है। उन्होंने बताया कि 12 अप्रैल को मंदिर में हनुमानजी जी का जन्मोत्सव बड़ी धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। इससे पहले जन्म उत्सव के प्रचार प्रसार को लेकर प्रभात फेरियां निकाली जाएंगी। यह प्रभात फेरियां 8 अप्रैल से आरंभ होंगी। मौके पर राकेश शर्मा उर्फ स्वीटी, रोशन लाल पप्पू,दविन्द्र मेहता, अनिल लाम्बा, अमित जम्बा व पंकज भल्ला आदि मौजूद रहे।

## युवक ने महिला के साथ किया दुष्कर्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

- पीड़िता ने युवक पर वीडियो बनाने का भी लगाया आरोप

सदर जगाधरी थाना क्षेत्र के एक गांव में युवक ने बहला फुसलाकर महिला के साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद आरोपी ने महिला की वीडियो बना ली। आरोपी युवक वीडियो वायरल करने की धमकी देकर उसके साथ करीब एक साल तक गलत काम करता रहा। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जगाधरी थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 31 वर्षीय महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि जुलाई 2024 में उसकी जान पहचान चंचल कंबोज नामक युवक के साथ हुई। इसके बाद आरोपी उसे फोन पर बात करने लगा। आरोपी ने उसे अपनी बातों में उलझा लिया। 14 जुलाई 2024 को आरोपी ने उसे मिलने के लिए बुलाया। जब वह आरोपी से मिलने के लिए गई तो आरोपी उसे सुनसान स्थान पर ले गया। जहां पर आरोपी ने उसके साथ गलत काम किया। पीड़ति ने बताया कि इस दौरान आरोपी ने उसकी वीडियो बना ली।

आरोपी ने वीडियो वायरल करने की धमकी देकर उसके साथ बार-बार संबंध बनाए। आरोपी ने उसे इस बारे में किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी भी दी। परेशान होकर उसने आरोपी के खिलाफ परिजनों को बताया। परिजनों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी युवक चंचल कंबोज के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

## सीएम सैनी ने माता बाला सुंदरी का लिया आशीर्वाद

- मां बाला सुंदरी की जनता पर अपार कृपा : नायब सिंह सैनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुलाना

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अपने परिवार सहित माता बाला सुंदरी मंदिर में पूजा अर्चना करते देवी माता का आशीर्वाद प्राप्त किया।

इस मौके पर उनकी धर्मपत्नी एवं हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद् की उपाध्यक्ष सुमन सैनी व भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बडौली, जिला अध्यक्ष मनदीप राणा आदि मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने मंदिर में माता की आरती की। उपस्थित सभी श्रद्धालुओं को नवरात्रि पर्व की शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। बता दें कि माता बाला सुंदरी मंदिर बहुत प्राचीन मंदिर है। यहां पर दूर-दूर से श्रद्धालु-भक्तगण देवी माता की पूजा अर्चना कर उनका आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। यहां पर पिछले कई दिनों से मंदिर सोसायटी के सौजन्य से मेले का आयोजन किया गया।


**मुलाना।** माता बाला सुंदरी मंदिर में पूजा अर्चना करते सीएम व उनकी धर्मपत्नी।

#### ये रहे मौजूद

इस मौके पर एसडीएम अमित भारद्वाज, पूर्व विधायक राजबीर सिंह बराड़ा, मां बाला सुंदरी मंदिर सोसायटी के प्रधान ईशम सिंह, सचिव अशोक राणा, कार्यकारिणी सदस्य नरेश , उपप्रधान जयवीर सिंह, सह सचिव रामनाथ, जगीर, कोषाध्यक्ष देशराज, रमेश सैनी, पूर्व सरपंच नरेश चौहान, भाजपा पदाधिकारी जसमेर राणा, चंद्रशेखर आदि मौजूद रहें।

## रेलवे की खाली जमीन पर बनेगा शॉपिंग कांप्लेक्स

- यात्रियों को मिलेंगी स्टेशन पर शानदार सुविधाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला कैंट जंक्शन स्टेशन को रि-डेवलपमेंट करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। 300 करोड़ की लागत से रेलवे स्टेशन की तस्वीर में बदलाव किया जाएगा। यहां यात्रियों के लिए कई तरह की अत्याधुनिक सुविधाओं की व्यवस्था की जाएगी।

हालांकि रेलवे की ओर से पहले स्टेशन के डिवेलपमेंट पर 500 करोड़ रुपये चरणबद्ध तरीके से खर्च करने की बात कही जा रही थी। रेलवे द्वारा इसके लिए बाकायदा नक्शा भी बना लिया गया है। स्टेशन की खाली पड़ी जगह पर शॉपिंग कांप्लेक्स, सुरक्षा के ऑफिस और रेस्टोरेंट भी खोले जाने की योजना है। इससे यात्रियों को बेहतर सुविधा मिल सकेगी। रेल लैंड डिवेलपमेंट ऑथोरिटी (आरएलडीए) ने अंबाला कैंट के रि-डेवलपमेंट के लिए तैयारी शुरू कर दी है। इसके तहत दो बार नक्शा भी तैयार किया जा चुका है। अब नक्शे में कुछ बदलाव किए गए हैं। इसके तहत स्टेशन पर यात्री सुविधाओं के लिए पूरा ध्यान रखा जा रहा है। रेलवे की प्राथमिकता है कि मुसाफिरों के लिए बेहतर से बेहतर सुविधाएं की जाएं। रेलवे ने आरएलडीए को साफ निर्देशित किया है कि, अंबाला कैंट रेलवे स्टेशन पर यात्री सुविधाओं का विशेष ख्याल रखा जाए।



अंबाला कैंट रेलवे स्टेशन का बाहरी दृश्य।

सभी इमारत आकर्षक रूप से तैयार की जाएं। साथ ही रेलवे ने यह भी कहा है कि रेलवे के परिसर में पार्किंग के अलावा अन्य कोई भी इमारत नहीं बनाई जाएगी। पार्किंग का दायरा बढ़ाने को लेकर भी रेलवे ने आरएलडीए को कहा है।

#### पार्किंग इमारत बनेगी

अंबाला कैंट रेलवे स्टेशन पर एक समय में 300 गाड़ियां एक साथ पार्क की जा सकें। पार्किंग के लिए इमारत बनाई जाएगी। इस सुविधा के तहत भूमिगत या बहुउद्देशीय को लेकर चर्चा की गई है। स्टेशन को रि-डिवेलपमेंट के दौरान यात्री सुविधाओं पर फोकस करने के लिए कहा गया है। मंत्री अनिल विज ने भी इसको लेकर रेलवे के अधिकारियों के साथ बैठक की थी जिसमें यात्री सुविधाओं को प्राथमिकता के साथ रखने की निर्देश दिए थे। रेलवे परिसर में यात्रियों को बेहतर भोजन की व्यवस्था के लिए कैंटीन की सुविधा भी उपलब्ध कराई जा सकती है।

## विदेश भेजने के नाम पर व्यक्ति से ठगे साढ़े नौ लाख रुपये

- पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ किया धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

शहर की शिवपुरी कॉलोनी निवासी ईश्वर सिंह सैनी से विदेश भेजने के नाम पर साढे नौ लाख रुपये हड़प लिए गए। आरोप पंजाब के मोहाली निवासी अमनदीप सिंह, कारण रांगडा, सतबीर सिंह व पूजा पर लगा है। पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का आरोप में केस दर्ज कर लिया है।

शिवपुरी कॉलोनी निवासी ईश्वर सिंह सैनी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपने लड़के को रोजगार के लिए विदेश भेजने चाहता था। इस दौरान उसकी मुलाकात पंजाब के मोहाली निवासी अमनदीप सिंह, कारण रांगडा, सतबीर सिंह व पूजा के साथ हुई। आरोपियों ने उसे कहा कि वह उसके लड़के को विदेश भेज देंगे। इसके लिए उसे साढ़े नौ लाख रुपए देने होंगे। उसने आरोपियों पर विश्वास करके जून 2023 में उक्त पैसे तथा जरूरी दस्तावेज दे दिए। मगर इसके बाद आरोपियों ने उसके लड़के को विदेश नहीं भेजा। काफी समय बीतने के बाद जब उसने आरोपियों से बात की तो उन्होंने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। परेशान होकर उसने आरोपियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी थी।

### पेट्रोलपंप के सेल्समैन पर पिस्तौल तानकर लूटी नकदी, केस दर्ज

**कुरुक्षेत्र।** गांव मुस्तपुर के करीब पेट्रोलपंप पर कार्य कर रहे सेल्समेन से बाइक सवारों द्वारा नगदी लूटने का मामला सामने आया है।

पुलिस ने इस संदर्भ में सेल्समेन प्रदीप की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है। शिकायत में सेल्समैन प्रदीप ने बताया कि रविवार अलसुबह करीब 4 बजे सुबह एक बाइक पर 3 नौजवान लड़के जिन्होंने अपने मुंह कपड़े से ढके हुए थे, पेट्रोल पंप पर आए और तेल डलवाकर 100 रुपये मुझे दे दिए थे और उसके बाद उनमें से 2 लड़के मेरे पिछले ऑफिस में आ गए। इनमें से एक लड़के ने पिस्तौल दिखा कर दोनों लड़कों ने गल्ले से 10610 रुपए निकाल लिए और तीनों लड़के कुरुक्षेत्र की तरफ भाग गए।

## अंतरराष्ट्रीय संगीतकारों ने किया धार्मिक और आध्यात्मिक संगीत कार्यक्रम

# कुरुक्षेत्र संगीत, योग व मेडिटेशन के लिए उत्तम स्थान: डॉ. पाल

- बुल्गारिया, आस्ट्रिया और इटली के संगीतकारों ने अपने वाद्ययंत्रों से दी आध्यात्मिक प्रस्तुतियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलसचिव लेफ्टिनेंट डॉ. वीरेन्द्र पाल ने कहा कि रामनवमी के पावन अवसर पर जनसंचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी संस्थान में अंतरराष्ट्रीय संगीतकारों द्वारा धार्मिक और आध्यात्मिक संगीत कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। आध्यात्मिक और धार्मिक क्षेत्र कुरुक्षेत्र संगीत, योग और मेडिटेशन के लिए उत्तम स्थान है।

वे कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा के कुशल मार्गदर्शन में रामनवमी के अवसर पर रविवार को जनसंचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी संस्थान के मिनी ऑडिटोरियम में इंटरएक्टिव सेशन के अंतर्राष्ट्रीय म्यूजिक कंसर्ट 'बरीधी ऐनसेंबल' कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। बुल्गारिया के बरीधी के नेतृत्व में ऑसट्रिया और इटली के संगीतकारों ने गायत्री मंत्र के उच्चारण के साथ कार्यक्रम की शुरूआत की। कुलसचिव डॉ. वीरेन्द्र पाल ने अंतर्राष्ट्रीय म्यूजिक कंसर्ट बरीधी ऐनसेंबल के सभी संगीतकारों को अपनी यात्रा के दौरान 40 कोस दूरी पर स्थित धार्मिक और आध्यात्मिक केंद्रों का अवश्य ही भ्रमण करने के लिए प्रेरित किया। गीता की पावन भूमि कुरुक्षेत्र जोकि योग और अध्यात्म का मुख्य केंद्र रहा है और वर्तमान में भी है, वहां पर आध्यात्मिक संगीत अच्छे से फल-फूल सकता है। बुल्गारिया के संगीतकार बरीधी ने विद्यार्थियों को आत्मिक शांति के लिए दैनिक जीवन में मेडिटेशन करने पर जोर देते हुए कहा कि आंतरिक शांति से ही बाहरी शांति संभव होती है। अगर जीवन में ठान लिया जाए तो जीवन में मुश्किल दौर से भी निकल कर मेडिटेशन की राह पर चला जा सकता है।


**कुरुक्षेत्र।** वाद्ययंत्रो से आध्यात्मिक प्रस्तुतियां देते संगीतकार।

अंतरराष्ट्रीय म्यूजिक कंसर्ट संगीतकारों ने अपने अनुभवों और वर्तमान चुनौतियों को भी विद्यार्थियों के समक्ष रखा और विद्यार्थियों द्वारा पूछे गये आध्यात्मिक प्रश्नों का जवाब दिया। चिन्मय कुमार घोष के जीवन दर्शन पर वृत्तचित्र का भी दिखाया गया। अंतर्राष्ट्रीय म्यूजिक कंसर्ट कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जनसंचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी संस्थान के निदेशक प्रोफेसर महासिंह पूनिया ने बरीधी ऐनसेंबल के संगीतकारों को पवित्र गीता और अंगवस्त्र देकर स्वागत और सम्मानित किया। इस अवसर पर संस्कृति सोसायटी फॉर आर्ट कल्चर डेवलपमेंट के अध्यक्ष धर्मेंद्र डांगी, महासचिव विकास शर्मा, संगीत एवं नृत्य विभाग के अस्सिटेंट प्रोफेसर डॉ. पुरुषोत्तम कुमार, डॉ. ज्ञान सागर सिंह, तबला वादक विकास कुमार और जनसंचार संस्थान के अस्सिटेंट प्रोफेसर गौरव कुमार, डॉ. अभिनव, डॉ. तपेश किरण, डॉ. रोशन मस्ताना, गौरव कुमार, राकेश कुमार, सचिन कुमार, अमित कुमार, राहुल अरोड़ा, प्रीति, नीतिन चावला, सुनिता, रितु, डॉ. प्रदीप, कंचन शर्मा अर्पणा, मोनिका और नॉन टीचिंग स्टॉफ डॉ. सतीश राणा, अनिल कुमार, आदि उपस्थित रहे।

#### संगीत को महत्व दें

प्रो. महासिंह पूनिया ने कहा कि संगीत, संस्कृति और आध्यात्मिकता व्यक्तित्त्व को आगे बढ़ाता है। विद्यार्थियों को अपने दैनिक जीवन में संगीत और आध्यात्मिकता को प्रमुख स्थान देना चाहिए। मनुष्य के व्यक्तित्त्व का विकास तीन मुख्य बिंदुओं पर रहता हैं जिसमें संगीत, संस्कृति, और अपणी बोली, इसलिए इनको साथ लेकर ही आगे बढ़ा जा सकता है।

## सत्य धर्म की ओर ज्योतिराव फुले विषय पर संगोष्ठी आज

- ज्योतिराव फुले के सुधार आंदोलन विरासत के मूल्यांकन पर वक्ता रखेंगे विचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के महात्मा ज्योतिबा फुले चेयर, इतिहास विभाग द्वारा सत्य धर्म की ओर ज्योतिराव फुले, उनके सुधार आंदोलन और विरासत का मूल्यांकन विषय पर भारतीय ऐतिहासिक अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारंभ 7 अप्रैल 2024 को प्रातः 10.30 बजे सीनेट हॉल में होगा।

इतिहास विभाग के अध्यक्ष एवं महात्मा ज्योतिबा फुले चेयर के प्रभारी प्रोफेसर एस.के. चहल ने बताया कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता करेंगे। वहीं भारतीय ऐतिहासिक अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली के अध्यक्ष प्रो. रघुवेंद्र तंवर बतौर मुख्य अतिथि अपना उद्बोधन देंगे। प्रो. एस.के. चहल बताया कि संगोष्ठी में प्रोफेसर उमेश बागडे, इतिहास विभाग, डॉ. बाबा साहेब अम्बेडकर मराठवाड़ा विश्वविद्यालय, औरंगाबाद मुख्य वक्ता तथा रवींद्र भारती विश्वविद्यालय, कलकत्ता के प्रो. हितेन्द्र पटेल गेस्ट ऑफ ऑनर होंगे तथा विशेष भाषण देंगे। 8 अप्रैल 2025 को दोपहर 12.30 बजे सीनेट हॉल में समापन सत्र में प्रोफेसर विश्वनाथ शिंदे, पूर्व निदेशक, महात्मा ज्योतिबा फुले चेयर, सावित्रीबाई फुले पुणे यूनिवर्सिटी, पुणे मुख्य अतिथि होंगे और समापन भाषण देंगे। प्रोफेसर विक्टर बाबू, इतिहास विभाग, बीबीएयू, लखनऊ सम्मानित अतिथि होंगे।

## खबर संक्षेप

### मां जगदम्बा मन्दिर में 61 वां मेला 10 को

**तरावड़ी।** हर वर्ष की भांति इस बार भी तरावड़ी के ऐतिहासिक मां जगदम्बा मन्दिर मे 61 वां मेला, विशाल चौंकी व भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। इसमे कार्यक्रम मे वीरवार 10 अप्रैल माता की चौकी रात्रि 8:00 बजे से मां की इच्छानुसार व सुप्रसिद्ध टीवी कलाकार विनोद राजन यमुनानगर से महामाई का गुणगान करेगें। शुक्रवार 11 अप्रैल प्रात 10:00 बजे से प्रभु इच्छा तक प्रसिद्ध टीवी कलाकार अवनीश यमुनानगर और बंटी पांचाल मां का गुणगान करेंगे। इस अवसर पर मां की सुंदर सुंदर झांकियां देखने योग्य होगी। व 24 घंटे मां का भंडारा रूपी प्रसाद वितरण किया जायेगा। मन्दिर की सजावट देखने योग्य होगी। जगदंबा मंदिर परिवार ने क्षेत्र के सभी श्रद्धालुओं से अपील की है कि आप कार्यक्रम अनुसार पहुंच कर माता रानी का आशीर्वाद प्राप्त करें।



### भाजपा राष्ट्र उत्थान के लिए कार्य कर रही : वर्मा

**कुरुक्षेत्र।** देश के गरीबों की अनदेखी से विचलित होकर अन्तोदय के संकल्प को लेकर 6 अप्रैल 1980 को एक छोटे से पौधे के रूप में अंकुरित पार्टी अपने छोटे से छोटे कार्यकर्ता और राष्ट्रीय स्तर के नेताओं के अथक प्रयासों के परिणाम स्वरूप आज विश्व की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक पार्टी का गौरव हासिल कर चुकी है और लगातार तीसरी बार केंद्रीय सरकार के रूप में समाज के अंतिम व्यक्ति के विकास और राष्ट्र उत्थान की दिशा में कार्य कर रही है।
उक्त विचार भाजपा नेता और कला और सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक अनिल वर्मा ने व्यक्त किए।

### वात्सल्य वाटिका में मासिक यज्ञ आयोजित

**कुरुक्षेत्र।** ब्रह्मा कॉलोनी स्थित श्री शिव शक्ति आश्रम एवं वात्सल्य वाटिका में रविवार को राम नवमी के अवसर पर मासिक यज्ञ और बाल विवाह मुक्त समाज विषय पर संगोष्ठी हुई। सुबह यज्ञशाला में मासिक यज्ञ अनुष्ठान किया गया जिसमें मुख्य यजमान वरुण यादव,शालू यादव व समाजसेवी जसबीर पुंज सहित आश्रम से जुड़े श्रद्धालुओं एवं गणमान्य लोगों ने आहुतियां दी। इसके बाद बाल विवाह मुक्त भारत अभियान पर संगोष्ठी की गई। आश्रम संचालक स्वामी हरिओम दास परिव्राजक ने कहा कि आज बदलाव का दौर है। ऐसे समय में बालिकाओं को और अधिक समझने और समझाने की आवश्यकता है। बालिकाओं के भविष्य को संवारने हेतु उन्हें शिक्षित करना होगा जिससे वे अपने जीवन के लक्ष्य प्राप्ति को अग्रसर हो सके। वात्सल्य वाटिका से जुड़े कृष्ण पांचाल ने बताया कि बाल विवाह की समस्या को समाप्त करना सभी नागरिकों का कर्तव्य बनता है। बाल विवाह जैसी प्रथा समाप्ति अभियान को गति प्रदान करते हुए शीघ्र ही धर्मनगरी में प्रचार किया जाएगा। उन्होंने बताया कि आश्रम में नए शैक्षणिक सत्र के दौरान जरूरतमंद एवं निराश्रित बच्चों के शैक्षणिक एवं सवार्गीण विकास के लिए उचित शिक्षा का प्रबंध किया गया है।

## भाजपा जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में मनाया गया भाजपा स्थापना दिवस

# कार्यकर्ताओं की बदौलत भाजपा बनी विश्व की सबसे बड़ी पार्टीः प्रवीण लाठर

भाजपा जिला कार्यालय कर्ण कमल में ध्वजारोहण के साथ लड्डू बांटकर कराया सभी का मुंह मीठा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

भाजपा कार्यालय कर्ण कमल में आज भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर के नेतृत्व में पार्टी का स्थापना दिवस मनाया गया। इस मौके पर भाजपा जिला कार्यालय कर्ण कमल में ध्वजारोहण के साथ साथ लड्डू बांटकर भाजपा के स्थापना दिवस पर सभी कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को बधाई दी। भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर के नेतृत्व में मनाये गये स्थापना दिवस कार्यक्रम में मुख्य रूप से करनाल नगर निगम से लगातार तीसरी बार निर्वाचित मेयर रेणु बाला गुप्ता के अतिरिक्त पूर्व कार्यकारी जिलाध्यक्ष बृज गुप्ता सहित अन्य कई वरिष्ठ कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर ने पार्टी के स्थापना दिवस पर सभी भाजपा कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए कहा कि कार्यकर्ताओं की बदौलत आज भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है और आज के दिन हम उन सभी को याद करते हैं जिन्होंने पिछले कई दशकों में हमारी पार्टी को मजबूत करने के लिए खुद को समर्पित किया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर के अतिरिक्त नगर निगम मेयर रेणु बाला गुप्ता, पूर्व जिला कार्यकारी जिलाध्यक्ष बृज गुप्ता, वरिष्ठ नेता त्रिलोचन सिंह, अशोक खुराना, जिला मीडिया प्रभारी डा अशोक कुमार,आई टी प्रमुख विकास कथूरिया, कर्ण मंडल अध्यक्ष नवीन बत्रा,अर्बन मंडल मंडल अध्यक्ष गौरव खुराना,पार्षद संकल्प भंडारी, अमृत लाल जोशी,मनमीत बावा,शाम बत्रा, दिनेश तनेजा सहित भारी संख्या में अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।



### कार्यकर्ताओं को दी बधाई

जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर ने पार्टी के स्थापना दिवस पर सभी भाजपा कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए कहा कि कार्यकर्ताओं की बदौलत आज भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है और आज के दिन हम उन सभी को याद करते हैं जिन्होंने पिछले कई दशकों में हमारी पार्टी को मजबूत करने के लिए खुद को समर्पित किया।



घरौंडा। दिवस कार्यक्रम में उपस्थित भाजपा कार्यकर्ता।

### स्थापना दिवस पर एक-दूसरे को दी बधाई

**घरौंडा।** भाजपा मधुबन मंडल के कालरों शक्ति केंद्र पर पार्टी का 46 वां स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में ब्लाक समिति सदस्य प्रतिनिधि अशोक राणा, वीरेंद्र राणा, पूर्व पंच मेमपाल, ठाकुर मामचंद और सुरेश प्रजापत,अजय, अनिल विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए शक्ति केंद्र प्रमुख संदीप लोहट ने कहा कि मधुबन मण्डल अध्यक्ष देवेंद्र शर्मा के निर्देश पर गांव के सभी बूथों पर पार्टी का स्थापना दिवस मनाया गया जिसमें सभी कार्यकर्ताओं ने मिलकर अपने अपने घरों पर पार्टी झण्डा लहराया।उन्होंने बताया कि देश की आजादी के बाद एक राष्ट्रवादी राजनीतिक दल की आवश्यकता देश में महसूस की जाने लगी। भारतीय जनसंघ की स्थापना 21अक्टूबर 1951को डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की अध्यक्षता में की गई। छह अप्रैल1980 को भारतीय जनता पार्टी की घोषणा हुई। जिसके प्रथम अध्यक्ष पूर्व प्रधानमंत्री स्व अटल बिहारी वाजपेयी बने।भाजपा पार्टी पंडित दीनदयाल उपाध्याय द्वारा प्रतिपादित अंत्योदय, सुशासन, सांस्कृतिक राष्टवाद, विकास एवं सुरक्षा पर भी पार्टी विशेष रूप से अग्रसर है।

## देश विदेश में मशहूर तरावड़ी शहर का बासमती चावलः मनीष गुप्ता



तरावड़ी। पत्रकारों से बातचीत करते आर.एल.एफ फूड्स के निर्देशक मनीष गुप्ता।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

आरएलएफ बासमती राईस के निर्देशक एडवोकेट मनीष गुप्ता ने कहा कि बासमती चावलों की बेहतर क्वालिटी के मामले में तरावड़ी शहर की देश-विदेशों में एक अलग ही पहचान है। विदेशी मेहमान तो तरावड़ी शहर का नाम बासमती चावलों की महक से पहचान जाते हैं। उन्होंने कहा कि तरावड़ी शहर में तैयार किए जाने वाले बासमती चावलों की महक कई देशों की थाली में सुंगध बिखेरती है। आरएलएफ बासमती राईस के निर्देशक मनीष गुप्ता तरावड़ी में आयोजित एक कार्यक्रम में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि करनाल के तरावड़ी शहर में बासमती चावल की कई वैरायटी देखने को मिलती है, क्योंकि तरावड़ी शहर में ओर आसपास के ग्रामीण इलाकों में करीब 130 से 150 राईस मिल है। इसलिए तरावड़ी को धान का कटोरा भी कहा जाता है। आर.एल. फूड बासमती राईस के निर्देशक मुनीष गुप्ता ने बताया कि तरावड़ी में बासमती चावलों की अलग-अलग किस्म देखने को मिलती हैं, जैसे सेला राइस ,स्टीम राइस, ब्राउन राइस. यहां चावल के कई किस्म पाई, जो विदेशी मेहमानों को खूब भाती है। यहां मनीष गुप्ता, नाथी राम राणा, पुरुषोत्तम शर्मा सग्गा, कृष्ण कुमार, रोहण राणा व अनुज गुप्ता भी मौजूद रहे।

### हर साल लगता है मेला

मनीष गुप्ता ने बताया कि बासमती चावल की बेहतर कवालिटी से विदेशों में भी तरावड़ी की अलग पहचान है। तरावड़ी के चावलों की महक विदेशों तक जाती है। दुबई व ईराक समेत कई देशों में हर साल अंतरराष्ट्रीय गल्फ फूड व फूड प्रोडक्ट मेला लगता है। इसमें बड़ी संख्या में तरावड़ी के चावल कारोबारी हिस्सा लेते हैं। वहां पर दुनियाभर के कारोबारी आते हैं। तरावड़ी के चावल कारोबारी भी इस मेले में अपने-अपने चावलों के स्टॉल लगाते हैं। उन्होंने कहा कि बहुत से कारोबारी तरावड़ी का चावल अपने देशों में एक्सपोर्ट करवाते हैं। यहां के चावल व्यापारी चावल की क्वालिटी का विशेष ध्यान रखते हैं, इसलिए विदेशों में यह मशहूर हो रहा है।

## सभी को भगवान राम के जीवन आदर्शों का पालन करना चाहिएः विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंद्री

श्री सनातन धर्म गीता मंदिर में रामनवमी पर्व बड़ी धूमधाम व श्रद्धा से मनाया गया। इस मौके पर मंदिर मे चल रहे श्री रामायण जी के पाठ का भोग डाला गया और प्रभु राम की महिमा का गुणगान किया । इस दौरान इंद्री के विधायक रामकुमार कश्यप, पूर्व राज्य मंत्री भीमसेन मेहता व नगर पालिका इंद्री के चेयरमैन राकेश कुमार ने विशेष रूप से शिरकत की । मंदिर में पहुंचने पर मुख्य अतिथियों का सिरोपा पहनाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर मंदिर के नए बनने वाले लंगर हाल की आधारशिला भी रखी गई। विधायक रामकुमार कश्यप ने कहा कि यह बड़े सौभाग्य का दिन है कि रामनवमी पर्व के अवसर पर नए लंगर हाल की आधारशिला रखी जा रही है। उन्होंने कहा कि भगवान राम हम सबके अराध्य और पूजनीय है। विधायक ने कहा कि हम सब को भगवान राम के जीवन आदर्शों का पालन करना चाहिए और उनके ही द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलते हुए अपने माता पिता का आदर और सेवा करनी चाहिए। इस अवसर पर मंदिर सभा के प्रधान सतीश भाटिया, समाजसेवी राजिन्द्र मिढ़ा व विक्की मल्होत्रा ने बताया कि गीता मंदिर में श्री रामायण पाठ शुरू किया गया था जिसका रामनवमी के पावन पर्व पर भोग डाला गया है। उन्होंने बताया कि नए बनने वाले लंगर हाल की आधारशिला विधायक रामकुमार कश्यप व सभी शहरवासियों के सहयोग से रखी जा रही है। इस अवसर पर लंगर का भी आयोजन किया गया जिसमें काफी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस कार्यक्रम मे मंदिर के पुजारी आचार्य रामलाल शास्त्री, नगर पालिका के पार्षद व शहरवासी मौजूद रहे।



इंद्री। श्री सनातन धर्म गीता मंदिर इंद्री मे नए बनने वाले लंगर हाल की आधारशिला रखते विधायक रामकुमार कश्यप व अन्य। फोटो : हरिभूमि

## डिपो होल्डर एसोसिएशन ने मांगों को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घरौंडा

डिपो होल्डर एसोसिएशन अपनी मांगों को लेकर रविवार को हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण के निवास स्थान पर मिले। एसोसिएशन के पदाधिकारियों के अनुसार पीडीएस एक्ट 2022 में संशोधन करवाने बारे,प्रदेश के डिपू होल्डरों की निर्धारित 60 वर्ष की आयुसीमा का नियम हटवाने व तीन सौ राशनकार्ड पर नया डिपू अलाट न करने सहित अन्य मांगो का ज्ञापन हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण को सौंपा।

डिपो होल्डर एसोसिएशन के पदाधिकारी अनिल बरसत, अजय सिंगला, मोनू प्रजापत, अनिल बल्हेड़ा, रवींद्र राणा, राजबीर जमालपुर सहित लगभग पचास एसोसिएशन के सदस्यों ने हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण को अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपा। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने पीडीएस एक्ट 2022 लागू करके डिपू होल्डरों की आयु सीमा 60 वर्ष निर्धारित कर दी है, जोकि सरासर ग़लत है । उन्होंने बताया कि डिपू होल्डर उचित मूल्य की दुकान का स्वामी है,एक लाईसेंस धारी है न कि कर्मचारी। इस नियम के लागू होने से प्रदेशभर के सीनियर डिपू होल्डर सारी उम्र डिपू का काम करने वाले बुढ़ापे में बेरोज़गार हो जाएंगे। देश के कहीं भी किसी भी राज्य में डिपू होल्डर की आयु सीमा निर्धारित नहीं है । हरियाणा में भी इसे पीडीएस एक्ट 2022 में संशोधन करके हटवाया जाए। उन्होंने बताया कि नए पीडीएस एक्ट 2022 में तीन सौ राशनकार्ड की संख्या उपरांत नया डिपू अलाट करने का प्रावधान प्रदेश सरकार ने किया हुआ है, जोकि डिपू होल्डरों के शोषण का कारण बना हुआ है। अब फैमिली आईडी के आधार पर एक-दो या दो-तीन सदस्यों के छोटे-छोटे राशनकार्ड बन गए हैं ।जिससे 300 राशनकार्डों पर प्रयाप्त खाद्यान्न स्टाक उपलब्ध न हो कारण डिपू होल्डरों को मात्र पांच-छः हजार की मासिक आमदन होगी, क्योंकि डिपू होल्डर को खाद्यान्न वितरण पर कमीशन ही मिलता है। छोटे-छोटे डिपू बनने से डिपू होल्डरों में कमीशन को लेकर छिना-झपटी बढ़ेगी । उन्होंने बताया कि पूर्व की भांति पीडीएस एक्ट 2009 के अनुसार 600 राशनकार्ड पर ही नया डिपू अलाट किया जाए। वर्तमान में काफी अपात्र लोगों करके भी बीपीएल कार्ड बने हुए हैं जो जांच उपरांत बन्द होगें। जिससे अबतक बीपीएल कार्डो की सही सटीक संख्या भी विभाग के पास उपलब्ध नहीं है। पीडीएस एक्ट 2022 में से इसे भी संशोधित करके 600 राशनकार्ड पर ही नया डिपू अलाट करने का प्रावधान किया जाए। हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने डिपो होल्डर के पदाधिकारियों को आश्वासन दिया कि उनकी मांगों को सरकार के समक्ष रखा जाएगा और उनको पूरा करने का प्रयास किया जाएगा।



घरौंडा। अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपते डिपो एसोसिएशन के सदस्य।



### देश की अर्थ व्यवस्था में बैंकों की अहम भूमिकाः कल्याण

**करनाल।** हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष हरविंदर कल्याण ने कहा कि बैंकिंग सेक्टर देश की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है। शहरों के साथ-साथ गांवों में भी बैंकों का नेटवर्क काफी फैला हुआ है। आज लगभग हर पांच या दस गांवों में एक में बैंक की व्यवस्था है और इस व्यवस्था का और विस्तार करने की जरूरत हैं। बैंकों के माध्यम से ग्रामीण अंचल में ज्यादा से ज्यादा सेवाएं उपलब्ध करवाई जाए। जिससे उन्होंने सरकार की योजनाओं का लाभ मिल सके और वे आगे बढ़ सके। हरविंद्र कल्याण आज करनाल बैंक वर्कर्स ऑर्गनाइजेशन द्वारा आयोजित करनाल अंचल सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। इस मौके पर करनाल विधायक जगमोहन आनंद, नलवा से विधायक रणधीर पनिहार मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि हरविंद्र कल्याण द्वारा द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंदर कल्याण ने कहा कि भारत के संविधान की लोकतांत्रिक व्यवस्था का केंद्र बिंदु संवाद ही है।

## श्री कर्णेश्वर मंदिर में राम कथा का भव्य समापन, गूंजी अमृतवाणी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

करनाल के सेक्टर-7 स्थित ऐतिहासिक श्री कर्णेश्वर मंदिर में चल रही राम कथा का समापन शनिवार को रामनवमी के पावन अवसर पर बड़े ही श्रद्धा और भक्ति भाव से किया गया। समापन समारोह में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया और प्रभु श्रीराम की महिमा का रसास्वादन किया। समारोह में मंदिर के पंडित षष्ठी बंसल ने राम की अमृतवाणी का भावपूर्ण गुणगान किया। उन्होंने श्रीराम के आदर्श जीवन, उनकी मर्यादा, और धर्म की रक्षा हेतु उनके संकल्पों को सुंदर शैली में प्रस्तुत किया, जिससे वहां उपस्थित श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। कथा के अंतिम दिन मंदिर परिसर भक्ति गीतों और जय श्रीराम के उद्घोष से गूंज उठा। पंडित षष्ठी बंसल ने कहा कि राम का चरित्र हर युग के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने बताया कि रामनवमी केवल एक पर्व नहीं, बल्कि धर्म, त्याग और सेवा के मूल्यों को आत्मसात करने का अवसर है।





### प्रदेश सरकार की कथनी और करनी में कोई अंतर नहीं

**करनाल।** करनाल के विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि प्रदेश सरकार की कथनी और करनी में कोई अंतर नही है,आमजन की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर तय समय सीमा के अंदर किया जा रहा है।
विधायक जगमोहन आनंद रविवार को नेहरू पैलेस में चाय पर चर्चा के दौरान बड़ी संख्या में मिलने आए आमजन से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने उपस्थित जनों को कहा कि आगामी 14 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हरियाणा आ रहे हैं, उनके मार्गदर्शन में हरियाणा को अपना पहला एयरपोर्ट मिलने जा रहा है तथा इसी दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यमुनानगर में थर्मल पावर प्लांट की नई इकाई का शिलान्यास भी करेंगे। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि करनाल से 14 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के यमुनानगर कार्यक्रम में चलना है तथा उनके विचारों को सुनना है। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल भी अपने दौरे के साथ निरंतर करनाल शहर को कोई न कोई योजना की सौगात देकर जाते हैं।

## श्री राम नवमी पर निकली भव्य शोभायात्रा श्रद्धालुओं ने श्रद्धा के साथ लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घरौंडा

घरौंडा में श्री रामनवमी के पावन अवसर पर श्री रामलीला कमेटी द्वारा भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें नगरवासियों ने पूरे श्रद्धा भाव से भाग लिया। शोभायात्रा का शुभारंभ नगर के प्राचीन देवी मंदिर से हुआ। शोभायात्रा देवी मंदिर से आरंभ होकर रेलवे रोड, मंडी मनी राम, मुख्य बाजार से होती हुई पुनः देवी मंदिर पर आकर सम्पन्न हुई। पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से जय श्रीराम के जयघोष किए और जगह-जगह शोभायात्रा का स्वागत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथियों में प्रमुख समाजसेवी अश्वनी राणा पिंटू, राजेश गोयल, कर्मवीर गुप्ता, नगर परिषद चेयरमैन हैप्पी लक गुप्ता सहित कई गणमान्य व्यक्ति शामिल हुए। उन्होंने शोभायात्रा के शुभारंभ अवसर पर सभी नगरवासियों को श्री रामनवमी की शुभकामनाएं दीं और भगवान श्रीराम के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का आह्वान किया। मुख्य अतिथियों ने कहा कि रामनवमी चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को मनाई जाती है, जो भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव के रूप में पूरे देशभर में हर्षोल्लास से मनाई जाती है। इस अवसर पर कई श्रद्धालु नौ दिन तक उपवास रखते हैं और रामचरितमानस का पाठ करते हैं। श्री रामलीला कमेटी के सदस्यों ने पूरी श्रद्धा के साथ शोभायात्रा का संचालन किया। शोभायात्रा में भगवान श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण व हनुमान के रूप में सजे कलाकारों की झांकियों ने सबका मन मोह लिया।



श्री रामनवमी पर शोभायात्रा निकालते हुए श्री रामलीला कमेटी के सदस्य।

### सर्वश्रेष्ठ समाज के निर्माण के लिये भगवान श्री राम लेते हैं अवतार

# राम कथा में लक्ष्मण मूर्छित संवाद का वर्णन सुनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

श्री राम सेवा मंडल तरावड़ी की ओर नवरात्रों के शुभ अवसर पर महाबीर मन्दिर मे संगीतमयी श्री राम कथा का आज विराम दिवस था। रविवार की कथा में मुख्य अतिथि के रूप मे लक्ष्मन सेठी ने ज्योति प्रज्जवालित करके श्री राम कथा का शुभारंभ किया। कथा के सम्पन्न दिवस पर श्री अयोध्या धाम से पधारे कथावाचक राम कथा मर्मज्ञ विद्वान आचार्य प्रहलाद मिश्रा रामायणी ने कहा परम लोकोत्तर पुरुष प्रभु श्री राम जी के पावन चरित्र से जन्म मानस को कदम-कदम पर प्रेरणा प्राप्त होती है। लाखों वर्ष के बाद भी हमें ग्रहाय एवं प्रासांगिक लगता है। भगवान श्री राम का उदात्त चरित्र जो मानव मात्र को ऊंचाई की पराकाष्ठा एवं शिखर पर ले जाता है। अयोध्या से पधारे मानस मार्मिक पंडित प्रहलाद मिश्रा रामायणी ने श्री राम जन्म की कथा सुनाते हुए बताया कि इस धरा पर भगवान के अवतरण के अनेक हैं परंतु भक्त की भावना ही अवतार वाद का प्रमुख कारण है। जो परमात्मा सर्व व्यापक ब्रह्म चिन्मय निरंजन और सर्व न्यता को है और घट-घट वासी होकर भी भगत की भावना को देख व षट ऐश्वर्य संपन्न उदारवासी बनाकर अवतार लेने के बाध्य हो जाते हैं। श्री मनु महाराज के द्वारा रचित मनुस्मृति मानव जगत के आचार संहिता पर स्वयं चलकर सर्वश्रेष्ठ समाज का निर्माण के लिये भगवान श्री राम अवतार लेते हैं। माता-पिता की सेवा बंधुत्व प्रेम अतिथि सत्कार प्रजा वात्सल्यता समानता आदि सद्गुणों की पावन प्रेरणा हमें आज श्री राम कथा के माध्यम से प्राप्त होती है। श्री राम जन्म रामनवमी का पावन पर्व मानव को मानवता का बोध कराता है। घोर अंधकार से दिव्य अलौकिक प्रकाश पुंज के पथ को प्रशस्त करता है। आज की कथा श्री रामायणी ने श्री राम कथा के लक्ष्मन मूर्छित, राम रावण का संवाद सुनाते हुए श्रद्धालुओं को भाव विभोर किया। कथा के सम्पन्न दिवस पर श्री राम सेवा मंडल की ओर से दोशाला ओढाकर महाराज श्री जी का सम्मान व धन्यवाद किया गया। इस अवसर पर सभा के सभी सदस्यों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। मंडी प्रधान सुभाष गुप्ता, वेद सलूजा, राजकुमार तायल को व गणमान्य लोगों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।





## खबर संक्षेप

### निपटारा योजना का लाभ लें व्यापारी

**पानीपत।** उप आबकारी एवं कराधान आयुक्त (बिक्री कर) गौरव चहल ने जानकारी देते हुए बताया कि विगत 23 मार्च को ओटीएस (एकमुश्त निपटान योजना)का शुभारंभ किया गया है, यह वैट के बकाया कर पर ब्याज व जुर्माना माफी की योजना है। इस योजना के अन्तर्गत वें कारोबारी जिनका बकाया 1 लाख से कम है, उस पर पूरी छूट, 1 लाख से 10 लाख तक, कर पर 60 प्रतिशत व ब्याज व जुर्माना 100 प्रतिशत माफ, 10 लाख से 10 करोड़ तक, कर पर 50 प्रतिशत व ब्याज व जुर्माना 100 प्रतिशत माफ तथा 10 करोड से उपर ब्याज व जुर्माना 100 प्रतिशत माफ होगा।

### मेधावी छात्रों को लाभ मिलेगा

**पानीपत।** विद्यार्थियों के हित को ध्यान में रखते हुए डॉ. अम्बेडकर मेधावी छात्र संशोधित योजना के तहत दस्तावेजों मे त्रुटि सुधार के लिए अंतिम तिथि 10 अप्रैल तक बढ़ाई गई है। उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने जानकारी देते हुए बताया कि डॉ. अम्बेडकर मेधावी छात्र संशोधित योजना के अंतर्गत वर्ष 2024-25 के लिए पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन किए गए थे। इन आवेदनों की जांच के दौरान दस्तावेजों से संबंधित त्रुटियां पाई गई थीं। ऐसे सभी विद्यार्थियों को अपनी त्रुटियों को ठीक करवाने का एक और मौका दिया गया है।

### शिक्षक अभिविन्यास कार्यक्रम आयोजित किया

**पानीपत।** जैन किड्स स्कूल में प्रिंसिपल मोनिका सहगल के नेतृत्व में शिक्षकों के मार्गदर्शन के लिए एक शिक्षक अभिविन्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। मैनेजर सुभाष जैन ने इसकी सराहना करते हुए कहा कि स्कूल में समय समय पर ऐसी कार्यशाला का आयोजन होते रहना चाहिए। जिससे शिक्षक नई तकनीक को अपनाकर बच्चों को पढ़ा सकें। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों को आधुनिक शिक्षण विधियों और प्रौद्योगिकी के उपयोग के बारे में जानकारी प्रदान करना था।

### मां भगवती का जागरण आठ को

**पानीपत।** शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा, वार्ड दो से भाजपा पार्षद काजल शर्मा व वार्ड छह से भाजपा पार्षद कोमल पांचाल के विजयी होने की मन्नत पूरी होने पर उनके खास समर्थ सतेन्द्र कुमार कश्यप उर्फ चव्वनी द्वारा आठ अप्रैल को मां भवगती का जागरण कराया जा रहा है। यह जानकारी सतेन्द्र कश्यप उर्फ चव्वनी ने दी। जागरण में शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा, ज्योत प्रचण्ड पार्षद कालज शर्मा, छत्र भेंटकर्ता पार्षद कोमल पांचाल पुत्रवधु ईसम पांचाल होंगी। वहीं चुन्नी भेंटकर्ता हरियाणा पत्रकार संघ के अध्यक्ष विनोद पांचाल रहेंगे।

### योग करवा कर राम जन्मोत्सव मनाया

**पानीपत।** भारत स्वाभिमान एवं पतंजलि योग समिति द्वारा विभिन्न स्थानों पर योग करवा कर राम जन्मोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर पतंजलि जिला प्रभारी अशोक अरोड़ा, योग शिक्षक सुभाष बजाज, भारत स्वाभिमान के प्रभारी शीशपाल, अशोक अरोड़ा, सुभाष बजाज, भारत बुद्धिराजा, सतीश, गिरीश, कुलभूषण बाली, तरुण, रमेश चुघ, रेखा सेतिया, सुमन वधवा, ललिता झांब, सुनीता चुघ, प्रीति आदि मौजूद रहे।

## कन्या पूजन किया, भंडारे लगाकर नागरिकों को प्रसाद बांटा

# पानीपत में श्रद्धालुओं ने धूमधाम से राम नवमी का पर्व मनाया

### श्रद्धालुओं ने कन्याओं को भोजन करवा कर उपहार भेंट कर आशीर्वाद लिया

हरिभूमि न्यूज ⏭पानीपत

पानीपत के शहरी व ग्रामीण अंचल में राम नवमी पर्व धूमधाम से मनाया गया। श्रद्धालुओं ने कन्या पूजन किया और अपने नवरात्र के उपवास खोले, कन्याओं को भोजन करवा कर उपहार भेंट कर आशीर्वाद लिया। इधर, श्रद्धालुओं ने राम नवमी को भंड़ारे लगा कर जनता को प्रसाद वितरित किया।



**पानीपत।** राम नवमी पर्व पर कन्याओं को भोजन भेजन करते श्रद्धालुगण। *फोटो : हरिभूमि*

### भये प्रगट कृपाला महोत्सव

नूरवाला बरसत रोड स्थित श्री राम सेवा दल द्वारा दो दिवसीय श्री रामनवमी जन्मोत्सव के तहत रविवार को भये प्रगट कृपाला महोत्सव का आयोजन श्री राम धर्मशाला में किया गया। जबकि शनिवार की रात को एक शाम रघुवर के नाम कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम में उषा सचदेवा, शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा, पार्षद कोमल पांचाल, अनिल शर्मा, भजन गायक रवि आहूजा, पंडित आत्म प्रकाश वशिष्ठ, मेयर कोमल सैनी, विशिष्ठ अतिथि केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के प्रतिनिधि गजेंद्र सलूजा, पार्षद अनिता परूथी, हरबंस आन्नद, सुन्दर लाल वधवा, भूषण मदान, राकेश आन्नद, पूर्ण ईश पुनानी, प्रदीप, नवीन, राजन छौक्करा, अविनाश ईश पुनानी, राधेश्याम पाहुजा, पुनित छौक्करा, सौरव छौक्करा, कृष्ण मल्होत्रा, हंसराज, अनिल पाहवा, पायल वधवा, वंदना छौक्करा, काजल आदि मौजूद रहे।

### कार्यक्रम में ये मौजूद रहे

होप फॉर यू टीम के सदस्यों और विभिन्न समाज सेवी महानुभावों के तत्वावधान में राम नवमी के उपलक्ष्य में जीटी रोड पर भंडारे का आयोजन किया। इस अवसर पर संस्था के प्रधान दीपक मित्तल, साहब सिंह, वंदना गुप्ता, दीपक मित्तल, विकास शर्मा, साहब सिंह, संजय वर्मा, मुकेश सैनी, सुरेश कुमार, प्रो.मयंक अरोड़ा, डॉ.राहुल जैन, प्रो.भावना जिंदल, प्रो. मीतू सैनी, डॉ.जुगमती, प्रो मुक्ता आदि ने मिलकर भंडारे के रूप में प्रसाद का वितरण किया।

### राम नवमी पर यज्ञ किया

परशुराम कालोनी स्थित परशुराम मंदिर में राम नवमी के उपलक्ष्य में हवन किया गया। जिसमें अरुण पांडे ने मंत्रोंचारण किया। इधर, यज्ञ में मुख्य यज्ञमान संदीप कौशिक, पार्षद अनिल बजाज, पार्षद अंजना प्रीतम गुर्जर, अमक पराशर, सतपाल राणा, विजय शर्मा, रविंद्र शर्मा, जवाहर लाल शर्मा, भले राम शर्मा, नारायण दत्त , गुलशन , पवन, रिचा शर्मा, बनारसी शर्मा, पंकज , अंकुर, जय कुमार आदि ने आहुति डाली।

# कमेरे वर्ग के मसीहा थे ताऊ देवीलाल

- आज के समय ताऊ देवीलाल की बनाई हुई नीतियों के कारण हर घर में आर्थिक मदद पहुंच रही

हरिभूमि न्यूज ⏭पानीपत

ताऊ देवीलाल की पुण्यतिथि पर थर्मल बाईपास पर पानीपत में इनेलो के प्रधान महासचिव हरियाणा किसान सैल चौ. प्रेम सिंह भालसी व युवा इनेलो के प्रधान महासचिव डॉ.नवीन नैन भालसी व जिला के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के साथ हवन करके श्रद्धांजलि अर्पित की। चौ. प्रेम सिंह भालसी ने कहा कि ताऊ देवीलाल कमेरे वर्ग के नेता थे। उन्होंने हर वर्ग के लिए काम किए। डॉ.नवीन नैन भालसी ने कहा कि आज के समय ताऊ देवीलाल की बनाई हुई नीतियों के कारण हर घर में आर्थिक मदद पहुंच रही हैं। चाहे वो बुजुर्गों की पेंशन हो, बेरोजगारी भत्ता या खिलाड़ियों को सम्मान रूप में हो। उन्होंने कहा कि ताऊ देवीलाल ने त्याग की मिसाल बना दी थी जब प्रधानमंत्री की कुर्सी तक को छोड़कर कर किसान व कमेरे की आवाज बनकर साथ रहने का



**पानीपत।** ताऊ देवीलाल को जयंती पर श्रद्धांजिल देते हुए इनेलो पदाधिकारी व कार्यकर्ता। *फोटो : हरिभूमि*

निश्चय कर लिया था। वहीं ताऊ देवीलाल को इनेलो जिला अध्यक्ष कुलदीप राठी, महाबीर सिंह देशवाल, कर्ण सिह बांगढ़, बलवान देशवाल, महाबीर दुहन, रामभगत रूहल, रणबीर मलिक, सुनील, सुनील शर्मा, मनजीत, सत्येवान नैन, रवि सिंह, जोगिंद्र कुंडू, भूप सिंह, बिरेन्द्र सिंह, मियां सिंह बांगर, कर्मबीर बांगड़, विजय दुहन हेमराज जागलान, शमशेर सिंह देशवाल, रणबीर देशवाल, महेन्द्र कलसन, सुनीता शर्मा, महावीर नंबरदार, जय भगवान आदि ने श्रद्धांजिल दी।

# पानीपत पुलिस का ऑपरेशन आक्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭पानीपत

पानीपत पुलिस ने अपराधों पर अंकुश लगा आरोपियों की धरपकड़ के लिए रविवार छह अप्रैल को सुबह छह से दोपहर 12 बजे तक चलाए गए ऑपरेशन आक्रमण अभियान में शराब की तस्करी करते 10 आरोपियों को व सट्टा खाइवाली करते चार आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 122 बोतल अवैध देसी शराब, नौ लीटर कच्ची शराब और जुआ सट्टा खाइवाली में प्रयुक्त तीन मोबाइल, एक कंप्यूटर व दाव पर लगी 10367 रूपये की नगदी बरामद की। आरोपियों के खिलाफ संबंधित थाना में एक्साइज एक्ट तहत 10 और गेंबलिंग एक्ट के तहत तीन केस दर्ज किए। जबकि पुराने आपराधिक मामलों में फरार चल रहे 20 आरोपियों को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की।

### पुलिस की 81 टीमों ने कार्रवाई की

पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह ने ऑपरेशन आक्रमण के तहत जिला में अपराधियों की धरपकड़ के लिए पुलिस की 81 टीमें बनाकर जिसमें कुल 330 जवानों को शामिल कर सभी को विशेष रूप से दिशा निर्देश दिए थे। सभी टीमें सुबह छह बजे से ही अपने-अपने क्षेत्र में अपराधियों की धरपकड़ में सक्रिय हो गई थी।

### विवाह के 24 दिन बाद दुल्हन फरार

**समालखा।** पानीपत के एक गांव में शादी के महज 24 दिन बाद ही दुल्हन अपनी ससुराल से लापता हो गई। दुल्हन ने नवरात्र का व्रत खोला, ससुराल वालों को खाना खिलाया और फिर मास्क लगाकर बिना किसी को कुछ बताए घर से निकल गई। इसके बाद से दुल्हन की सुसराल वालों ने हर संभावित स्थल पर तलाश की लेकिन उसका सुराग नहीं लगा। इधर, पति ने थाना समालखा पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 12 मार्च उसकी पानीपत निवासी युवती से विवाह हुआ था। वहीं, शादी के बाद उसकी पत्नी आठ दिन तक मायके में रही। फिर वह ससुराल आई। पत्नी ने पित व सुसरल वालों का पूरा ख्याल रखा। पत्नी ने नवरात्र के व्रत किए और अलग कमरे में रहने लगी। इस दौरान उसने सुसरल वालों से बातचीत बंद कर दी। इधर, पांच अप्रैल को पत्नी ने व्रत खोले, सुसराल वालों को खाना खिलाया।

# भाजपा जनता की सेवा करने में विफल

- सिवाह गांव में स्वागत से गदगद हुए आप प्रदेशाध्यक्ष व अन्य पदाधिकारीगण

हरिभूमि न्यूज ⏭पानीपत

पानीपत के सबसे बड़े गांव सिवाह के ग्रामीणों ने गांव के ही युवा नेता जसबीर कादियान जस्सा को आम आदमी पार्टी यानि आप द्वारा जिलाध्यक्ष मनोनीत किए जाने पर गांव द्वारा आप के प्रदेश अध्यक्ष सुशील गुप्ता का आभार व्यक्त करने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सिवाह गांव के बस अड्डे से सैकड़ों की संख्या में गांव के युवाओं द्वारा मोटर साइकिल के काफिले के साथ पुष्प वर्षा करते हुए आप के नेताओं को पंचायत घर तक ले जाया गया। सैकड़ों ग्रामीणों



**पानीपत।** आप के प्रदेशाध्यक्ष सुशील गुप्ता आदि का पगड़ी बांध कर स्वागत करते हुए जिलाध्यक्ष जसबीर कादियान जस्सा। *फोटो : हरिभूमि*

ने पगड़ी एवं फूल मालाओं से आप के प्रदेशाध्यक्ष सुशील गुप्ता, सुरेन्द्र अहलावत, अजय सिंगला, नरेंद्र जेसिया, योगेश कौशिक, सूरजभान राठी, जयगोपाल वधवा, राजपाल कश्यप, जितेंद्र जुनेजा एवं अन्य नेताओं का स्वागत किया। वहीं, चतर सिंह कादियान, रामकुमार फौजी, धर्मवीर कादियान, संदीप, चंद्रभान, अमर सिंह, राजपाल कादियान, पप्पा पंडित द्वारा प्रदेश अध्यक्ष का जसबीर जस्सा को जिला अध्यक्ष बनाए जाने पर आम आदमी पार्टी का आभार व्यक्त किया। वहीं, आप प्रदेशाध्यक्ष सुशील गुप्ता ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार जनता की सेवा करने में विफल साबित हुई।

# आरंभ फाउंडेशन के कैंप में 85 ने रक्तदान किया

हरिभूमि न्यूज ⏭पानीपत

जिनवाणी विद्या भारती सीनियर सेकेंडरी स्कूल में रविवार को आरंभ फाउंडेशन के द्वारा भगवान महावीर जन्मोत्सव एवं श्री राम जन्मोत्सव के पावन अवसर पर सातवां रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। वहीं, रक्तदान कैंप का शुभारंभ पानीपत की मेयर कोमल सैनी, पार्षद नवल जिंदल, अनिल मदान, सुरेंद्र गर्ग, समाजसेवी कुणाल जैन ने किया। जबकि अथितियों का स्वगत,जैन स्कूल प्रिंसिपल नीलम गक्कड़, छाया फाउंडेशन की रूबी रानी, दिगम्बर जैन पंचायत के अध्यक्ष सुनील जैन, जैन स्कूल सोसायटी के अध्यक्ष राजेश जैन, प्रबंधक संजीव जैन एवं उप प्रबंधक दिनेश,



**पानीपत।** मेयर कौमल व मेहुल जैन आदि रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाते हुए।

### मेहुल की चौतरफा सराहना की

मेयर कोमल सैनी, पार्षद नवल जिंदल, पार्षद अनिल मदन, सुरेंद्र गर्ग ने आरंभ फाउंडेशन के संस्थापक मेहुल जैन मेहुल जैन की चौतरफा सराहना की। जबकि मेहुल जैन ने कहा कि आरंभ फाउंडेशन के कामकाज के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि रविवार को आयोजित कार्यक्रमों में लखदातार सेवा समिति, शक्तिपीठ मां बनभौरी सेवा मंडल, रिंग रोड वेलफेयर एसोसिएशन, किशोरी मित्र मंडल, नर सेवा नारायण सेवा मंडल आदि संस्थाओं ने सहयोग दिया।

श्री दिगंबर जैन पंचायत के महामंत्री मनोज जैन एवं जैन किड्स स्कूल के प्रबंधक सुभाष जैन ने एक पौधा एंव फाउंडेशन का स्मृति चिन्ह भेंट कर किया। इधर, कैंप में 85 लोगों ने रक्तदान किया। जबकि 50 बार से अधिक रक्तदान कर चुके कृष्ण कश्यप, सतपाल सिंह, हेमंत शर्मा, मनदीप सिंह को रक्त वीर अवार्ड देकर सम्मानित किया।

### पक्षी जल बर्तन बांटें

आरंभ फाउंडेशन और छाया फाउंडेशन ने मिलकर आज से पक्षी जल बर्तन वितरण अभियान की भी शुरुआत की जिसका शुभारंभ भी मेयर के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में फाउंडेशन के द्वारा बेसहारा गोवंश चिकित्सालय समालखा के डां संजय, बेजुबानों की आवाज दीपक कुकरेजा स्वयं सेवक, सुमित गुप्ता गो रक्षा दल को जीव रक्षा एंव उनकी चिकित्सा के लिए कार्य करती है उन्हे जीव दया अवार्ड से सम्मानित किया गया।

### कार डस्टबिन वितरण शुरू

स्मरणीय है कि आरंभ फाउंडेशन अभी तक 2600 कार डस्टबिन का वितरण कर चुकी है। जबकि छह अप्रैल से फाउंडेशन ने मिशन 10000 का कार डस्टबिन वितरण का एक नया संकल्प लिया। जिसका शुभारंभ मेयर कोमल द्वारा नागरिकों के कार डस्टबिन बांट कर शुरू किया गया।

# वोल्फ पैक इलेवन ने स्काई किंग्स को हराया

हरिभूमि न्यूज ⏭पानीपत

डीआर इंटरनेशनल स्कूल क्रिकेट मैदान गांव काकोदा जिला पानीपत में खेली जा रही आठवीं डीआर 20-20 क्रिकेट प्रतियोगिता के अन्तर्गत रविवार को दूसरे सेमीफाइनल मैच में वोल्फ पैक इलेवन ने स्काई किंग्स इलेवन को 30 रन से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए वोल्फ पैक टीम ने अजित मलिक के 55 व प्रवीण सहरावत के 22 रनों की मदद से 20 ओवर में 8 विकेट पर 152 रन बनाये, स्काई किंग्स के लिये कर्मबीर व सागर ने 3-3 विकेट लिये।

जिसके जवाब में स्काई किंग्स 122 रन पर ऑल आउट हो गयी।



**पानीपत।** डीआर 20-20 क्रिकेट के सेमीफाइनल विजेताओं को पुरस्कृत करते हुए अतिथिगण। *फोटो : हरिभूमि*

स्काई किंग्स के लिये हार्दिक ने 34 रन बनाये, गेंदबाजी में वोल्फ पैक की ओर से प्रवीण सहरावत ने 6 रन देकर 5 विकेट व धर्मेन्द्र ने 2 विकेट लिये। प्रवीण सहरावत अपने शानदार ऑलराउंडर प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच बने, प्रतियोगिता का फाइनल मैच 13 अप्रैल को बुआना लाखू व वोल्फ पैक के मध्य खेला जायेगा। नोट-यह समाचार हमारी सशक्त विज्ञापन पार्टी का है, बडे आकार के फोटो के साथ समाचार को बिना काट छांट के प्रकाशित करने की कृपा करना।

### खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया

दूसरे सेमीफाइनल मैच में बुआना लाखू के समाज सेवी मास्टर सुरेश कुमार मुख्य अतिथि रहे जिन्होंने दोनों टीमों के खिलाड़ियों को खेल भावना से खेलने की प्रेरणा दी व खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया, प्रतियोगिता की प्रबंधन समिति ने मुख्य अतिथि सुरेश कुमार को स्मृति चिन्ह भेंट किया। इस अवसर पर दीपक मलिक, पवन लठवाल,अमित खोखर, सुमित खोखर, जयबीर खोखर आदि मौजूद रहे।

# सभी ग्रंथों का सार है भावगत कथा

- श्रीमद् भागवत कथा की शुरुआत कथाव्यस पीठ के अध्यक्ष साक्षी गोपाल दास जी द्वारा करवाई गई

हरिभूमि न्यूज ⏭पानीपत

इस्कॉन कुरुक्षेत्र व इस्कॉन प्रचार समिति पानीपत के संयुक्त तत्वावधान में पानीपत में श्रीमद् भागवत कथा व भगवान श्री कृष्ण बलराम रथयात्रा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। रविवार को श्रीमद् भागवत कथा के पहले दिन इस्कॉन कुरुक्षेत्र के अध्यक्ष साक्षी गोपाल दास का इस्कॉन प्रचार समिति के अध्यक्ष सुंदर लाल चुघ व चेयरमैन राम निवास गुप्ता ने फूल माला से स्वागत किया। इस्कॉन प्रचार समिति के सभी





**पानीपत।** श्रीमद् भागवत कथा सुनाते साक्षी गोपाल दास महाराज व श्रद्धालुगण।

सदस्यों ने श्रीमद् भागवत कथा की शुरुआत कथाव्यस पीठ के अध्यक्ष साक्षी गोपाल दास जी द्वारा करवाई। श्रीमान साक्षी गोपाल दास ने बताया कि श्रुत गोस्वामी जी से सभी मुनियों से कहा की आप आप हमें सभी कथाओं का सार सुना दो। जिसके द्वारा हमारी तड़पती आत्मा सुखी हो जायेगी। श्रुत गोस्वामी जी ने कहा की अरे मुनीश्वरों सभी कथाओं का सार श्रीमद् भागवत कथा है। भगवान श्री कृष्ण के नाम, रूप और सभी लीलाओं का वर्णन श्रीमद् भागवतम में किया गया है। इस अवसर पर चेयरमैन राम निवास गुप्ता, डायरेक्टर सिया राम गुप्ता व इस्कॉन प्रचार समिति के अध्यक्ष सुन्दर लाल चुघ, अशोक गोयल, देवेंद्र महाजन, इंद्रजीत कथूरिया, पंकज मेंहदीरत्ता, भुवन चुघ व अरविंद सिंघल आदि उपस्थित थे।

# भाजपा ने स्थापना दिवस मनाया

- पानीपत में विशाल शोभायात्रा का आयोजन किया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭पानीपत

भारतीय जनता पार्टी के 46वे स्थापना दिवस पर जहां पानीपत जिला के सभी बूथों पर पार्टी का स्थापना दिवस मनाया गया। वीं, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई और कुशा भाऊ ठाकरे आदि वरिष्ठ नेताओं को वक्ताओं ने याद किया। वहीं पानीपत शहर में विशाल शोभायात्रा का आयोजन भी किया गया। यह जानकारी देते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने कहा कि भाजपा की गौरवशाली यात्रा का यह 46वां



**पानीपत।** भाजपा जिला कार्यालय पर पार्टी का झंडा फहराते हुए पार्टी जिलाध्यक्ष दुष्यंत भट्ट। *फोटो : हरिभूमि*

स्थापना दिवस है। स्थापना दिवस के उपलक्ष में पूरे जिले में अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। भाजपा के इतिहास की जानकारी देते हुए बताया कि भाजपा, विश्व की सबसे बड़ी राजनैतिक पार्टी है और बहुत ही विपरीत परिस्थितियों में भी पार्टी की मूल विचारधारा से समझौता नहीं किया। भाजपा की राष्ट्र भक्ति क चलते ही पार्टी की केंद्र सरकार और 15 राज्यों में सरकारें है, छह राज्यों में अन्य पार्टियों के सहयोग से सरकार चल रही है। केंद्रीय ऊर्जा मंत्री के पानीपत प्रतिनिधि गजेंद्र सलूजा ने भाजपा का मूल उद्देश्य राष्ट्रवाद अंत्योदय और अखंड भारत का निर्माण करके विकसित भारत बनाना भी है।

## समस्त ब्राहमण सभा की पानीपत जिला की कार्यकारिणी का गठन किया

# अधिकारों के लिए एकजुट हो ब्राहमण समाज

- सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों का फूलमालाओं, पटका व पगडी पहनाकर सम्मान किया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭पानीपत

समस्त ब्राहमण सभा, पानीपत की जिला स्तरीय मीटिंग रविवार को शहर के जीटी रोड स्थित होटल मिड टाउन में हुई। मीटिंग की अध्यक्षता जिला प्रधान सुलेंद्र कौशिक ने की। सुलेंद्र कौशिक प्रधान ने सभा के सभी सीनियर सदस्यों से विचार विमर्श करके जिला स्तर पर संगठन में नियुक्तियां



**पानीपत।** समस्त ब्राहमण सभा के पदाधिकारीगण नियुक्ति पत्र दिखाते हुए।

की गई। सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों का फूलमालाओं, पटका व पगडी पहनाकर सम्मान किया गया। बैठक के बाद पत्रकारों से बात करते हुए प्रधान सुलेंद्र कौशिक ने कहा कि समस्त ब्राहमण सभा द्वारा जिलाभर में समाज के जरूरतमंद मेधावी बच्चों की शिक्षा को लेकर हर संभव मदद की जाएगी। प्रदेश प्रवक्ता राजेश कौशिक एडवोकेट ने बताया कि अधिकारों के लिए एक जुट हो ब्राहमण समाज समस्त ब्राहमण सभा द्वारा अगले माह मई के प्रथम सप्ताह में पानीपत में प्रदेश स्तरीय परशुराम जयंती मनाई जाएगी।

### इन्हें कानूनी सलाहाकार बनाया गया

वहीं जिला प्रधान सुलेंद्र कौशिक ने कहा कि संगठन में अब धर्मबीर कौशिक को वरिष्ठ उपप्रधान, बलवान जोशी को उपप्रधान, डीके पंडित एडवोकेट को जिला महासचिव, श्याम शर्मा को कोषाध्यक्ष, जेपी गोड को संचार मंत्री और अनिल कौशिक एडवोकेट, कृष्ण वशिष्ट एडवोकेट व सचिन शर्मा एडवोकेट को कानूनी सलाहाकार बनाया गया है। जबकि जयदेव कौशिक को सह सचिव, सोमदत्त शर्मा एडवोकेट को जिला प्रवक्ता, आढती राजू शर्मा को बापौली ब्लाक प्रधान व पालेराम पूर्व सरपंच को बापौली ब्लाक का उपप्रधान बनाया गया। इस अवसर पर धर्मबीर कौशिक,जिला पार्षद नारायणदत्त शर्मा, डीके पंडित एडवोकेट, सोमदत शर्मा एडवोकेट, श्याम शर्मा, जयदेव कौशिक, जेपी गौड, राजनारायण शर्मा व राजू शर्मा आढ़ती आदि मौजूद रहे।

